**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________________
   (Name) ______________________________
2. (Signature) ______________________________
   (Name) ______________________________

OMR Sheet No. : ......................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.______________________________
(In words)

**J 3 1 1 0**

**Test Booklet No.**

Time : **1 $^1/_4$** hours]

# PAPER-II
# LINGUISTICS

[Maximum Marks : **100**

| Number of Pages in this Booklet : 16 | Number of Questions in this Booklet : **50** |
|---|---|

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

## LINGUISTICS
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

**1.** Linguists' interest in animal communication systems has been largely fuelled by a desire to compare such systems with human language
(A) in order to show that there is no difference in the two systems and both are equally effective.
(B) in order to establish only a link of evolutionary development.
(C) in order to do the analogical linguistic analysis of the animal communication.
(D) in order to show the differences between the two, and often, by implication, to show the superiority of human language over the communication systems of animals.

**2.** Often perceived as individually discrete units, collectively comprising the equally discrete languages of which they are units, are
(A) languages (B) dialects
(C) styles (D) registers

**3.** Language is
(A) the actual utterances speakers produce
(B) the bond between the signified and the signifier
(C) the underlying system on the basis of which speakers are able to understand and produce speech.
(D) the store house filled with useful and necessary information preserving historical accounts.

**4.** An item of vocabulary with a single referent whether it consists of one word or more than one word, is called
(A) Word
(B) Phrase
(C) Compound morpheme
(D) Lexeme

**5.** "There is an impression that writing and speaking are alternative ways of communicating in language". Which of the following is true in relation to this statement ?
(A) And so they are, but it is not important to recognize that speech is basic, natural and universal, while writing is derivative.
(B) And so they are not, but it is not important to recognize that speech is basic, natural and universal, while writing is derivative.
(C) And so they are, but it is important to recognize that speech is basic, natural and universal, while writing is derivative.
(D) And they are not, but it is not important to recognize that speech is basic, natural, and universal, while writing is derivative.

**6.** **Assertion (1)** : A major result of historical and comparative linguistic investigation has been the mapping of the world's languages into families and sub-groupings within these families.
**Assertion (2)** : When a given language has been shown to belong within the folds of a particular grouping as defined by linguistic relationships indicating a common descent from an earlier proto-language, it is said to have been classified genetically. Select the correct from the following :
(A) (1) is true, (2) is false.
(B) Both (1) and (2) are false.
(C) (1) is false, (2) is true.
(D) Both (1) and (2) are true.

# भाषा विज्ञान

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें ।

**1.** मानवेतर संप्रेषण व्यवस्थाओं में भाषा विज्ञानी की रुचि मानव भाषा के साथ ऐसी व्यवस्थाओं की तुलना करने की इच्छा द्वारा बढ़ गई ताकि

(A) यह दर्शा पाएँ कि दोनों व्यवस्थाओं में कोई अन्तर नहीं है और दोनों ही समान रूप से प्रभावपूर्ण हैं ।

(B) क्रम विकासवादी विकास का सिर्फ सम्बन्ध स्थापित हो पाए ।

(C) पशु संप्रेषण का सादृश्यमूलक भाषाई विश्लेषण कर पाएँ ।

(D) दोनों के बीच अन्तर दर्शाने के लिये और अक्सर, निहितार्थ द्वारा, पशुओं की संप्रेषण व्यवस्था के ऊपर मानव भाषा की उत्कृष्टता दर्शाने के लिये ।

**2.** अक्सर जिन्हें व्यक्तिगत रूप से पृथक इकाइयाँ समझा जाता है, सामूहिक रूप से समान रूप से ही पृथक भाषाएँ उनमें समाविष्ट है जिनकी वो इकाइयाँ हैं, वो हैं

(A) भाषाएँ (B) बोलियाँ

(C) शैलियाँ (D) प्रयुक्तियाँ

**3.** भाषा है

(A) वक्ता द्वारा उत्पन्न वास्तविक उच्चार

(B) संकेतित और संकेतक के बीच बन्धन

(C) अंतर्निहित व्यवस्था जिसके आधार पर वक्ता वाक् को समझ और उत्पन्न कर पाते हैं ।

(D) उपयोगी और आवश्यक सूचना से भरा भंडारगृह जो ऐतिहासिक वृत्तान्तों को परिरक्षित करता है ।

**4.** एकल प्रसंगार्थ के साथ शब्दावली की मद, चाहे उसमें एक शब्द या एक से ज्यादा शब्द आते हैं, कहलाता है

(A) शब्द (B) उपवाक्य

(C) संयुक्त रूपिम (D) शब्दिम

**5.** "ऐसा विचार है कि लिखना और बोलना भाषा में संप्रेषण के वैकल्पिक तरीके हैं ।" इस कथन के संदर्भ में निम्नांकित में से कौन सा सत्य है ?

(A) और ऐसा वो है, परन्तु यह मानता महत्त्वपूर्ण नहीं है कि वाक् मौलिक, स्वाभाविक और सार्वभौमिक है, जबकि लिखना अमौलिक (या व्युत्पत्तिक) है ।

(B) और ऐसा वो नहीं है, परन्तु यह मानना महत्त्वपूर्ण नहीं है कि वाक् मौलिक, स्वाभाविक और सार्वभौमिक है, जबकि लिखना व्युत्पत्तिक है ।

(C) और ऐसा वो है, परन्तु यह मानना महत्त्वपूर्ण है कि वाक् मौलिक, स्वाभाविक और सार्वभौमिक है, जबकि लिखना व्युत्पत्तिक है ।

(D) और ऐसा वो नहीं है, परन्तु यह मानना महत्त्वपूर्ण नहीं है कि वाक् मौलिक, स्वाभाविक और सार्वभौमिक है, जबकि लिखना व्युत्पत्तिक है ।

**6.** **कथन (1) :** ऐतिहासिक और तुलनात्मक भाषायी अनुसन्धान का मुख्य परिणाम विश्व की भाषाओं का परिवारों में और इन परिवारों के अन्दर उप-समूहों में मानचित्रित करना रहा ।

**कथन (2) :** जब प्रदत्त भाषा को विशेष समूहन की परतों के अन्दर का दिखाया गया, जैसा कि प्रारम्भिक आद्य भाषा से सामान्य हस्तांतरण संकेत करने वाले भाषायी सम्बन्धों द्वारा स्पष्ट किया गया, तो इसे जैविक रूप से वर्गीकृत कहा गया ।

निम्नांकित से सही का चयन कीजिये :

(A) (1) सत्य है, (2) असत्य है ।

(B) (1) और (2) दोनों असत्य हैं ।

(C) (1) असत्य है, (2) सत्य है ।

(D) (1) और (2) दोनों सत्य हैं ।

7. Match the items of List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Coda | (i) Historical linguistics |
| (b) Back formation | (ii) Semantics |
| (c) Componential analysis | (iii) Morphology |
| (d) Proto language | (iv) Phonology |

**Code :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (B) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

8. In the sentence "Shahid took the book from Rakesh", the word 'from' indicates

(A) Dative case
(B) Ablative case
(C) Locative case
(D) Instrumental case

9. In Bloomfieldian structural procedure of grammatical analysis involving the major division within a syntactic construction at any level and analysing into immediate constituents and further continuing the process until irreducible constituents are reached, is called

(A) Tagmemic Analysis
(B) Systemic Analysis
(C) Componential Analysis
(D) IC Analysis

10. **Assertion (1)** : E-language is different from I-language.
**Assertion (2)** : E-language is 'externalized', consists of set of sentences, deals with sentences actually produced – 'corpora', describes properties of data, is concerned with what people have done.

(A) Both (1) & (2) are true
(B) (1) is false, (2) is true
(C) (1) is false, (2) is false
(D) (1) is true, (2) is false

11. **Assertion (1)** : The process of assimilation is phonologically conditioned.
**Assertion (2)** : The process of dissimilation is morphologically conditioned.

(A) Both (1) & (2) are true
(B) Both (1) & (2) are false
(C) (1) is true and (2) is false
(D) (1) is false and (2) is true

12. Tense is

(A) an expression of completion/continuation of action.
(B) time of an action in absolute terms.
(C) not a grammatical category.
(D) a deictic category.

13. Arrange the concepts in their historical order in which they appeared. Use the codes given below :

(i) Underlying representation
(ii) Minimal pair
(iii) Constraint ranking
(iv) Grimm's Law

**Codes :**

(A) (iii), (i), (iv), (i)
(B) (i), (iii), (iv), (ii)
(C) (iv), (ii), (i), (iii)
(D) (iv), (iii), (ii), (i)

7. सूची – I और सूची – II की मदों का मिलान कीजिये और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) अंत | (i) ऐतिहासिक भाषा विज्ञान |
| (b) सादृश्यमूलक व्युत्पत्ति | (ii) शब्दार्थ विज्ञान |
| (c) घटकीय विश्लेषण | (iii) रूप विज्ञान |
| (d) आद्य भाषा | (iv) स्वनिम विज्ञान |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (B) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

8. "शाहिद ने राकेश से पुस्तक ली", इस वाक्य में 'फ्रॉम' (से) शब्द निम्नलिखित सूचित करता है :

(A) संप्रदान कारक
(B) अपादान कारक
(C) अधिकरण कारक
(D) करण कारक

9. ब्लूमफ़ील्डी व्याकरणीय विज्ञान में संरचनात्मक पद्धति जिसमें वाक्य विन्यास के किसी भी स्तर पर सन्निहित घटकों में विभाजन एवं इस प्रक्रिया की अंतिम / लघुतम घटक तक पहुँचने तक पुनरावृत्ति को कहा जाता है :

(A) टैग्मीमिक विश्लेषण
(B) सिस्टीमिक विश्लेषण
(C) घटक विश्लेषण (Componential Analysis)
(D) सन्निहित घटक विश्लेषण (IC Analysis)

10. **कथन (1) :** E-भाषा I-भाषा से भिन्न है ।

**कथन (2) :** E-भाषा बहिर्मुखी होती है, उसमें वाक्यों का समूह होता है, असल में रचित वाक्यों से सम्बन्धित है – 'कोरपोरा', सामग्री के गुणधर्मों का वर्णन करती है, लोगों ने जो किया है उससे सम्बन्धित है ।

(A) (1) सत्य है, (2) सत्य है ।
(B) (1) असत्य है, (2) सत्य है ।
(C) (1) असत्य है, (2) असत्य है ।
(D) (1) सत्य है, (2) असत्य है ।

11. **कथन (1) :** आत्मसात्यकरण (या समीकरण) की प्रक्रिया स्वानिकी रूप से अनुबन्धित होती है ।

**कथन (2) :** विषमीकरण की प्रक्रिया रूपात्मक रूप से अनुबन्धित होती है ।

(A) (1) और (2) दोनों सत्य हैं
(B) (1) और (2) दोनों असत्य हैं
(C) (1) सत्य है और (2) असत्य है
(D) (1) असत्य है और (2) सत्य है

12. काल

(A) क्रिया के समापन / निरन्तरता की अभिव्यक्ति है ।
(B) निरपेक्ष सम्बन्ध में क्रिया का समय है ।
(C) व्याकरणीय श्रेणी नहीं है ।
(D) संकेतवाचक श्रेणी है ।

13. निम्नांकित अवधारणाओं को उनके प्रगट होने के ऐतिहासिक क्रम में व्यवस्थित कीजिये :

(i) मूलाधार प्रतिरूपण
(ii) न्यूनतम युग्म
(iii) बाध्यता श्रेणीकरण
(iv) ग्रिम का नियम

**कूट :**

(A) (iii), (i), (iv), (i)
(B) (i), (iii), (iv), (ii)
(C) (iv), (ii), (i), (iii)
(D) (iv), (iii), (ii), (i)

**14.** **Assertion (1)** : A closed syllable has a branching rhyme.

**Assertion (2)** : A closed syllable has a complex coda.

(A) (1) is true, but (2) is false

(B) (1) is false, but (2) is true

(C) Both (1) and (2) are true

(D) Both (1) and (2) are false

**15.** Match the items in List – I with the items in List – II and select the correct code from those given below :

| **List – I** | | **List – II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | Brunch | (i) | abbreviation |
| (b) | Cell phone | (ii) | blend |
| (c) | SPE | (iii) | acronym |
| (d) | TOEFL | (iv) | clipping |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

**16.** Match the items in List – I with the items in List – II and select the correct code from those given below :

| **List – I** | | **List – II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | $f_0$ | (i) | height of tongue |
| (b) | $f_1$ | (ii) | front-back |
| (c) | $f_2$ | (iii) | vocal cord vibration |
| (d) | $f_3$ | (iv) | lip rounding |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**17.** A whisper sound is produced with

(A) vibrating vocal folds

(B) non-vibrating vocal folds

(C) closed vocal folds

(D) partly vibrating vocal folds

**18.** Paradigm is

(A) a set of items related phonetically

(B) a set of grammatically conditioned forms derived from a single root/stem

(C) a set of morphemes of the same class

(D) a set of inflectional endings carrying the same meaning

**19.** Select the one from the following verbs which takes zero argument :

(A) eat (B) sleep

(C) rain (D) fall

**20.** Match the items in List – I with the items in List – II for places of articulation and select the correct code from those given below :

| **List – I** | | **List – II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | t | (i) | h |
| (b) | η | (ii) | ɱ |
| (c) | ʔ | (iii) | *l* |
| (d) | v | (iv) | k |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

**14.** **कथन (1) :** व्यंजनांत अक्षर की शाखन लय होती है ।

**कथन (2) :** व्यंजनांत अक्षर का जटिल कोडा (अंत) होता है ।

(A) (1) सत्य है, परन्तु (2) असत्य है ।

(B) (1) असत्य है, परन्तु (2) सत्य है ।

(C) (1) और (2) दोनों सत्य हैं ।

(D) (1) और (2) दोनों असत्य हैं ।

**15.** सूची – I की मदों को सूची – II की मदों के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Brunch | (i) | संक्षिप्ती |
| (b) | सेल फोन | (ii) | मिश्र शब्द |
| (c) | SPE | (iii) | परिवर्णी शब्द |
| (d) | TOEFL | (iv) | कतरन |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

**16.** सूची – I की मदों को सूची – II की मदों के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | $f_0$ | (i) | जीभ की लम्बाई |
| (b) | $f_1$ | (ii) | अग्रभाग-पश्च |
| (c) | $f_2$ | (iii) | स्वरतन्त्री कम्पन |
| (d) | $f_3$ | (iv) | ओष्ठ वर्तुलन |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**17.** फुसफुसाहट ध्वनि निम्नलिखित के साथ उत्पन्न होती है :

(A) कम्पनशील स्वरतन्त्रियाँ

(B) गैर-कम्पनशील स्वरतन्त्रियाँ

(C) संवृत स्वरतन्त्रियाँ

(D) आंशिक रूप से कम्पनशील स्वरतन्त्रियाँ

**18.** रूपावली

(A) स्वनिक रूप से सम्बन्धित मदों का समूह है ।

(B) एकल मूल/धातु से व्युत्पन्न व्याकरणीय आश्रित रूपों का समूह है ।

(C) एक समान वर्ग के रूपिमों का समूह है ।

(D) एक ही अर्थ के विभक्ति प्रत्ययों का समूह है ।

**19.** निम्नांकित क्रियाओं में से उसका चयन करें जिसकी शून्य युक्ति होती है :

(A) खाना (B) सोना

(C) वर्षा होना (D) गिरना

**20.** सूची – I की मदों को सूची – II की मदों के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | t | (i) | h |
| (b) | η | (ii) | ɱ |
| (c) | ʔ | (iii) | *l* |
| (d) | v | (iv) | k |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

21. Noun can be defined in terms of structure, meaning and function. Select the functional aspect of a noun from the following :
(A) Noun occurs with gender and number markers.
(B) Noun occurs as subject or object.
(C) Noun occurs with case markers and prepositions.
(D) Noun occurs with representative objects or ideas.

22. In the sentence "The boy in blue jeans met an young lady", the phrase "in blue jeans" functions as
(A) Preposition
(B) Noun
(C) Adjunct
(D) Complement

23. **Assertion (1) :** Prepositional phrases occur with verbs and serve as qualifiers of verbs.
**Assertion (2) :** Prepositional phrases always function as verbs.
(A) (1) and (2) are true
(B) (1) and (2) are false
(C) (1) is true, (2) is false
(D) (1) is false, (2) is true

24. Match the items in List – I with the items in List – II and select the correct code from those given below :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Competence : Performance | (i) | Ferdinand de Saussure |
| (b) | Langue : Parole | (ii) | K. L. Pike |
| (c) | emic : etic | (iii) | C.F. Hockett |
| (d) | Displacement : Duality of Patterning | (iv) | Noam Chomsky |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |


25. Match the items in List – I with the items in List – II and select the correct code from those given below :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | John will meet Mary | (i) | Clefting |
| (b) | John's meeting Mary | (ii) | Complementation |
| (c) | John to meet Mary | (iii) | Nominalization |
| (d) | Mary, whom John will meet | (iv) | Declarative Sentence |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

26. Based on the tree, choose the correct option from those given below :




$NP_1$ C-commands
(A) $D_1$, $N_1$
(B) only VP
(C) only VP, V, $NP_2$
(D) only VP, V, $NP_2$, $D_2$, $N_2$

27. "One knows a word by the company that it keeps"(J.R. Firth). "The meaning of a word is its use in the language" (L. Wittgenstein) The above statements largely refer to
(A) The context of a word determines its meaning
(B) The word determines its meaning
(C) Reference of a word determines its meaning
(D) No one knows who determines meaning of a word

21. संज्ञा को संरचना, अर्थ और प्रकार्य के सम्बन्ध में परिभाषित किया जा सकता है । निम्नांकित से संज्ञा के कार्यात्मक पहलू का चयन करें :

(A) संज्ञा लिंग और संख्या चिह्नकों के साथ आती है ।

(B) संज्ञा कर्ता और कर्म के रूप में आती है ।

(C) संज्ञा कारक चिह्नकों और पूर्व सर्गों के साथ आती है ।

(D) संज्ञा प्रतिनिधि कर्मों या विचारों के साथ आती है ।

22. निम्नलिखित वाक्य "The boy in blue jeans met an young lady", में उपवाक्य 'in blue jeans' किसका कार्य करता है ?

(A) उपसर्ग का (B) संज्ञा का

(C) अनुबंध का (D) विधेयार्थ का

23. **कथन (1) :** उपसर्गीय उपवाक्य क्रियाओं के साथ आते हैं और क्रियाओं के विशेषकों के रूप में कार्य करते हैं ।

**कथन (2) :** उपसर्गीय उपवाक्य हमेशा क्रियाओं के रूप में कार्य करते हैं ।

(A) (1) और (2) दोनों सत्य हैं ।

(B) (1) और (2) दोनों असत्य हैं ।

(C) (1) सत्य है और (2) असत्य है ।

(D) (1) असत्य है और (2) सत्य है ।

24. सूची – I की मदों को सूची – II की मदों के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | भाषा क्षमता : भाषा व्यवहार | (i) | फर्डिनेण्ड डे सस्यूर |
| (b) | लांग : पैरोल | (ii) | के.एल. पाइक |
| (c) | एमिक : एटिक | (iii) | सी.एफ. हॉकेट |
| (d) | विस्थापन : अभिरचना द्वैधता | (iv) | नॉम चॉम्स्की |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |


25. सूची – I की मदों के साथ सूची – II की मदों के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | John will meet Mary | (i) | क्लेफ्टिंग |
| (b) | John's meeting Mary | (ii) | परिपूर्ण |
| (c) | John to meet Mary | (iii) | नामिकीकरण |
| (d) | Mary, whom John will meet | (iv) | घोषणात्मक वाक्य |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

26. वृक्षारेख के आधार पर, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन करें :




$NP_1$ C – कमाण्ड करता है

(A) $D_1$, $N_1$

(B) केवल VP

(C) केवल VP, V, $NP_2$

(D) केवल VP, V, $NP_2$, $D_2$, $N_2$

27. "शब्द को उसके साहचर्य/संगति के आधार पर जाना जाता है ।" – (जे.आर.फर्थ)

"शब्द का अर्थ भाषा में उसका उपयोग है ।" – (एल. विटजनस्टीन)

उपर्युक्त कथन मोटे तौर पर निम्नलिखित का संकेत करते हैं :

(A) शब्द का सन्दर्भ उसका अर्थ निर्धारित करता है ।

(B) शब्द अपना अर्थ निर्धारित करता है ।

(C) शब्द का उल्लेख उसका अर्थ निर्धारित करता है ।

(D) कोई नहीं जानता कि शब्द का अर्थ कौन निर्धारित करता है ।

28. Match the items in List – I with the items in List – II and select the correct code from those given below :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Triangular theory | (i) | L. Wittgenstein |
| (b) | Interpretive theory | (ii) | Alston & Searle |
| (c) | Game theory | (iii) | Ogdon & Richard |
| (d) | Speech act theory | (iv) | Katz & Fodor |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

29. **Assertion (1) :** Principles are important in GB, where it has been suggested that there are no rules in the traditional sense, but only principles which can take a slightly different form in different languages.

**Assertion (2) :** A specification of the range of forms that a principle can take is known as PARAMETER.

(A) (1) is false, (2) is true
(B) (1) is true, (2) is false
(C) (1) is false, (2) is false
(D) (1) is true, (2) is true

30. If your father says to you "There is a man at the door" that utterance

(A) Presupposes
(B) Implies
(C) Contradicts
(D) Paraphrases

31. The order of development in the writing system is as follows :

(A) (i) Alphabetic type
(ii) Syllabic type
(iii) Logographic type
(iv) Pictographic type

(B) (i) Syllabic type
(ii) Logographic type
(iii) Pictographic type
(iv) Alphabetic type

(C) (i) Pictographic type
(ii) Logographic type
(iii) Syllabic type
(iv) Alphabetic type

(D) (i) Logographic type
(ii) Pictographic type
(iii) Alphabetic type
(iv) Syllabic type

32. Cognates are

(A) The words occurring in languages belonging to different language families.
(B) Phonetically similar words occurring in languages belonging to different language families.
(C) Phonetically, semantically identical words occurring in languages belonging to different language families.
(D) Words similar in sound and in meaning occurring in genetically related languages.

**28.** सूची – I की मदों को सूची – II की मदों के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | त्रिकोण सिद्धान्त | (i) | एल. विटजनस्टीन |
| (b) | निर्वचनीय सिद्धान्त | (ii) | अलस्टोन एण्ड सर्ल |
| (c) | खेल सिद्धान्त | (iii) | ओग्डोन एण्ड रिचर्ड |
| (d) | वाग्व्यापार सिद्धान्त | (iv) | काट्ज़ एण्ड फॉडोर |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

**29.** **कथन (1) :** GB में सिद्धान्त महत्त्वपूर्ण हैं, जहाँ यह बताया गया है कि पारम्परिक अर्थ में कोई नियम नहीं है, परन्तु सिद्धान्त ही है जो भिन्न भाषाओं में थोड़ा सा भिन्न रूप ले सकते हैं ।

**कथन (2) :** सिद्धान्त जो रूप ले सकता है उन रूपों की परास की विशिष्टता को प्राचल कहा जाता है ।

(A) (1) असत्य है, (2) सत्य है ।

(B) (1) सत्य है, (2) असत्य है ।

(C) (1) असत्य है, (2) असत्य है ।

(D) (1) सत्य है, (2) सत्य है ।

**30.** यदि आपके पिता आपको कहते हैं "दरवाजे पर आदमी है", तो यह उच्चार

(A) पूर्व अनुमान करता है ।

(B) का अर्थ है ।

(C) विरोधार्थ करता है ।

(D) पद व्याख्या करता है ।

**31.** लेखन प्रणाली में विकास का क्रम निम्नलिखित है :

(A) (i) आनुवर्णिक प्रकार
(ii) आक्षरिक प्रकार
(iii) लोगोग्राफिक (शब्द चिह्न) प्रकार
(iv) चित्रलेखीय प्रकार

(B) (i) आक्षरिक प्रकार
(ii) शब्द चिह्न प्रकार
(iii) चित्रलेखीय प्रकार
(iv) आनुवर्णिक प्रकार

(C) (i) चित्रलेखीय प्रकार
(ii) शब्द चिह्न प्रकार
(iii) आक्षरिक प्रकार
(iv) आनुवर्णिक प्रकार

(D) (i) शब्द चिह्न प्रकार
(ii) चित्रलेखीय प्रकार
(iii) आनुवर्णिक प्रकार
(iv) आक्षरिक प्रकार

**32.** सजात क्या है ?

(A) भिन्न भाषा परिवारों की भाषाओं में आने वाले शब्द हैं ।

(B) भिन्न भाषा परिवारों की भाषाओं में आने वाले स्वनिक रूप से एक समान शब्द है ।

(C) भिन्न भाषा परिवारों की भाषाओं में आने वाले स्वनिक रूप से, शब्दार्थत: एक समान शब्द हैं ।

(D) जैविक रूप से सम्बन्धित भाषाओं में आने वाले एक समान ध्वनि और अर्थ के शब्द हैं ।

33. The Sanskrit word patr 'leaf' becomes Patta in Hindi. It is the case of
(A) Dissimilation
(B) Metathesis
(C) Epenthesis
(D) Assimilation

34. Split and merger are
(A) Syntagmatic Sound changes
(B) Paradigmatic, Phonological Sound changes
(C) Paradigmatic Sound change
(D) Syntagmatic, Phonological Sound changes

35. Infixes are found in the languages belonging to the ________ language family.
(A) Dravidian
(B) Indo Aryan
(C) Munda
(D) Tibeto Burman

36. Match the items in List – I with the items in List – II and select the correct code from those given below :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Dravidian | (i) | Sindhi |
| (b) | Indo Aryan | (ii) | Gondi |
| (c) | Munda | (iii) | Savara |
| (d) | Tibeto Burman | (iv) | Newari |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (B) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (C) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

37. The first Dialect Atlas was prepared by
(A) George Wenker
(B) Jules Gillieron
(C) Mcintosch
(D) Hans Kurath

38. A true understanding of the nature of relationship among the languages did not come until the early part of the nineteenth century. The person who is credited with the first and clearest statement concerning the relationships between Greek, Latin and Sanskrit is
(A) Filippo Sasetti
(B) Leibnitz
(C) Sir William Jones
(D) Ferdinand de Saussure

39. The unmarked word order found in Dravidian and Indo Aryan languages is
(A) SVO (B) SOV
(C) OSV (D) OVS

40. Grimm, Verner and Grassmann have observed the phonetic changes which have taken place between Proto Indo European stage and the Germanic languages. They are given in the form of phonetic laws.
(A) Grimm, Grassmann, Verner
(B) Grimm, Verner, Grassmann
(C) Verner, Grassmann, Grimm
(D) Verner, Grimm, Grassmann

41. The results or effects that are produced by means of saying constitute
(A) Locutionary Act
(B) Perlocutionary Act
(C) Illocutionary Act
(D) Speech Act

42. The grammatical syllabus
(A) lays no emphasis on structure
(B) lays emphasis on structure
(C) lays emphasis on the grammar of the learner
(D) lays on the universal grammar

**33.** संस्कृत शब्द पत्र 'leaf' हिन्दी में पत्ता बन जाता है । यह निम्नलिखित का मामला है :

(A) वर्णभेद

(B) वर्ण/ध्वनि विपर्यय

(C) ध्वनि सन्निवेश

(D) समीकरण

**34.** विखंडन और विलयन हैं

(A) विन्यासक्रमात्मक ध्वनि परिवर्तन

(B) रूपावलीगत, स्वनिमिक ध्वनि परिवर्तन

(C) रूपावलीगत ध्वनि परिवर्तन

(D) विन्यासक्रमात्मक, स्वनिमिक ध्वनि परिवर्तन

**35.** मध्य प्रत्यय निम्नलिखित भाषा परिवार की भाषाओं में पाये जाते हैं :

(A) द्रविड़ (B) इंडो आर्यन्

(C) मुंडा (D) तिब्बतो बर्मन

**36.** सूची – I की मदों को सूची – II की मदों के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) द्रविड़ | (i) सिन्धी |
| (b) इंडो आर्यन् | (ii) गौंडी |
| (c) मुंडा | (iii) सवारा |
| (d) तिब्बतो बर्मन | (iv) नेवाड़ी |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (B) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (C) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**37.** प्रथम बोली एटलस निम्नलिखित के द्वारा तैयार की गई थी :

(A) जार्ज वंकर

(B) जुलेस गिलीरॉन

(C) सिनटॉश

(D) हंस कुराथ

**38.** भाषाओं के मध्य सम्बन्ध की प्रकृति के बारे में सही समझ उन्नीसवीं शताब्दी के प्रारम्भिक भाग तक नहीं आई थी । ग्रीक, लेटिन और संस्कृत के बीच सम्बन्ध के बारे में पहला और सबसे स्पष्ट विवरण देने का श्रेय किस व्यक्ति को दिया जाता है ?

(A) फिलिपो ससेत्ती

(B) लीबनिज़

(C) सर विलियम जॉनस्

(D) फर्डिनैण्ड डे सस्यूर

**39.** द्रविड़ और इंडो आर्यन् भाषाओं में पाया जाने वाला अचिह्नित शब्द क्रम है

(A) SVO (B) SOV

(C) OSV (D) OVS

**40.** ग्रिम, वर्नर और ग्रासमैन ने आद्य भारोपीय अवस्था और जर्मन परिवार की भाषाओं के बीच स्वनिक परिवर्तनों को देखा । वो स्वनिक नियमों के रूप में दिये गये हैं ।

(A) ग्रिम, ग्रासमैन, वर्नर

(B) ग्रिम, वर्नर, ग्रासमैन

(C) वर्नर, ग्रासमैन, ग्रिम

(D) वर्नर, ग्रिम, ग्रासमैन

**41.** कहने के द्वारा उत्पन्न परिणाम या प्रभाव निर्धारित करते हैं

(A) वचन व्यापार (लॉक्यूशनरी ऐक्ट)

(B) परलॉक्यूशनरी ऐक्ट

(C) इललॉक्यूशनरी ऐक्ट

(D) वाग्व्यापार

**42.** व्याकरणीय पाठ्यक्रम

(A) संरचना पर कोई जोर नहीं देता है ।

(B) संरचना पर जोर देता है ।

(C) शिक्षार्थी के व्याकरण पर जोर देता है ।

(D) सार्वभौमिक व्याकरण पर जोर देता है ।

43. The way a person categorizes himself/herself in relation to an identifiable social group such as the nation state, gender, ethnicity, class or profession is
(A) Social identity
(B) Religious identity
(C) Linguistic identity
(D) Regional identity

44. A variety of language used by the people belonging to a particular social class is
(A) Register
(B) Sociolect
(C) Idiolect
(D) Regional Dialect

45. Match the following :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| (i) | Noam Chomsky | (a) | Critical period hypothesis |
| (ii) | Stephen Krashen | (b) | Language faculty |
| (iii) | C.F. Hocket | (c) | Monitor hypothesis |
| (iv) | E.H. Lenneberg | (d) | Design feature |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (D) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

46. **Assertion (1) :** The goal of translation is to establish a relation of equivalence of intent between the source and target text.
**Assertion (2) :** The word 'translation' etymologically means 'carrying across' or 'bringing across'.
(A) (1) is false, (2) is true
(B) (1) is true, (2) is false
(C) Both (1) and (2) are true
(D) Both (1) and (2) are false

47. Suggestopedia is a
(A) major type of encyclopedia
(B) method suggesting ways of practice drills in pronunciation
(C) method of language teaching
(D) method of achieving concentration and focus for learning a foreign/second language.

48. A test that is designed to provide information about $L_2$ learner's strength and weakness is known as
(A) Diagnostic test
(B) Achievement test
(C) Aptitude test
(D) Proficiency test

49. An error which results from language transfer is
(A) Intralingual error
(B) Interlingual error
(C) Mistake
(D) Lapses

50. **Assertion (1) :** The grammar translation method developed in US after the World War II and spread all over the world.
**Assertion (2) :** The method involved grammatical explanation of key structures, the teaching of selected area of vocabulary and exercises involving the translation of disconnected sentences into the mother tongue.
(A) (1) is false, (2) is true.
(B) (1) is true, (2) is false.
(C) Both (1) and (2) are false.
(D) Both (1) and (2) are true.

**43.** जिस तरह से व्यक्ति अभिज्ञेय सामाजिक समूह जैसे कि राष्ट्र राज्य, लिंग, नृजातीयता, वर्ग या पेशा, के सम्बन्ध अपने को वर्गीकृत करता है, वो है

(A) सामाजिक सारूप्यता

(B) धार्मिक सारूप्यता

(C) भाषायी सारूप्यता

(D) क्षेत्रीय सारूप्यता

**44.** विशेष सामाजिक वर्ग के लोगों द्वारा उपयोग की जाने वाली भाषा की भिन्नता है

(A) प्रयुक्ति

(B) समाज बोली

(C) व्यक्ति बोली

(D) क्षेत्रीय बोली

**45.** निम्नांकित का मिलान कीजिये :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (i) नॉम चॉम्स्की | (a) क्रान्तिक काल परिकल्पना |
| (ii) स्टीफन क्राशेन | (b) भाषा संकाय |
| (iii) सी.एफ. हॉकेट | (c) मोनिटर परिकल्पना |
| (iv) इ.एच. लेनबर्ग | (d) डिजाइन अभिलक्षण |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (D) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

**46.** **कथन (1) :** अनुवाद का ध्येय स्रोत और लक्ष्य मूलपाठ के बीच उद्देश्य की समतुल्यता का सम्बन्ध स्थापित करना है ।

**कथन (2) :** 'अनुवाद' शब्द का व्युत्पत्तीय रूप से अर्थ है 'पार ले जाना' या 'पार ले आना'।

(A) (1) असत्य है, (2) सत्य है ।

(B) (1) सत्य है, (2) असत्य है ।

(C) (1) और (2) दोनों सत्य हैं ।

(D) (1) और (2) दोनों असत्य हैं ।

**47.** सजेस्टोपीडिया है

(A) विशाल किस्म का विश्वकोष

(B) उच्चारण में अभ्यास कवायद के तरीके बताने की विधि

(C) भाषा अध्यापन की विधि

(D) विदेशी/द्वितीय भाषा सीखने के लिये एकाग्रता और फोकस प्राप्त करने की विधि

**48.** $L_2$ शिक्षार्थियों की शक्ति और कमजोरियों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिये डिजाइन किया गया परीक्षण कहलाता है

(A) नैदानिक परीक्षण

(B) उपलब्धि परीक्षण

(C) अभिवृत्ति परीक्षण

(D) प्रवीणता परीक्षण

**49.** भाषा बदलने से होने वाली त्रुटि कहलाती है

(A) आंतरभाषिक त्रुटि

(B) अंतरभाषिक त्रुटि

(C) गलती

(D) स्खलन

**50.** **कथन (1) :** विश्व युद्ध II के पश्चात् यू.एस. में विकसित और समस्त विश्व में फैली व्याकरण अनुवाद पद्धति ।

**कथन (2) :** पद्धति में मुख्य संरचनाओं का व्याकरणीय स्पष्टीकरण, शब्दावली के चयनित क्षेत्र का अध्यापन और असम्बन्धित वाक्यों के मातृभाषा में अनुवाद से जुड़ी कवायदें समाविष्ट हैं ।

(A) (1) असत्य है, (2) सत्य है ।

(B) (1) सत्य है, (2) असत्य है ।

(C) (1) और (2) दोनों असत्य हैं ।

(D) (1) और (2) दोनों सत्य हैं ।

**Space for Rough Work**